# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस नोट- दिनांक 10.04.2026**

***#इटावा पुलिस की बड़ी सफलता***

***#चोर गिरोह का पर्दाफाश***

**जनपद के विभिन्न प्राइमरी विद्यालयों में चोरी की घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

**कब्जे से भारी मात्रा में विद्यालयों से चोरी किया गया सर्वशिक्षा व मिड-डे-मिल का सामान, चोरी की घटना कारित करने में प्रयुक्त औजार, 01 तमन्चा, 01 छुरा, 01 तलवार बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से गयी कार्यवाही।**

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 09/10.04.2026 की रात्रि को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुछ व्यक्ति लॉयन सफारी रोड पर निर्माणाधीन मकान में बैठकर चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछः-**

अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि हम लोग दूरस्थ/सूनसान स्थानों पर स्थित विद्यालयों को चिन्हित कर चोरी की घटनाएं करते हैं। विद्यालयों में अधिकतर चोरी गर्मी व सर्दी की छुट्टियों के दौरान करते हैं जिससे तत्काल चोरी की जानकारी न हो पाये। विद्यालय में मौजूद ऐसे सामान जो आसानी से बिक जाये यथा **इनवर्टर, टीबी, कम्प्यूटर, सीलिंग फैन तथा मिड-डे-मिल से संबंधित गैस सिलिंडर, भगौना तथा बच्चों के खाने के राशन जो भी मौजूद मिले की चोरी करते हैं।** घटना के पूर्व विद्यालय की रैकी करते थे तथा घटना के दौरान हमारा एक साथी बाहर खड़ा रहता था व शेष घटना को अंजाम देते थे। चोरी करने के उपरान्त ई-रिक्शा व मोटर साइकिल से सामान को ले जाकर अपने साथी के घर रखते थे। जिससे ज्यादा सामान एकत्र हो जाने पर एक साथ सम्पूर्ण सामान को बेच कर ज्यादा से ज्यादा लाभ अर्जित कर आपस में बाँट सके।

**गैंग द्वारा की गयी घटनाओं का विवरणः-**

1. दिनांक 08.01.2025 को थाना भरथना क्षेत्रान्तर्गत कम्पोजित प्राथमिक विद्यालय विवौली एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय समसपुर से विद्यालय का सामान चोरी होने के सम्बन्ध में **थाना भरथना पर मु0अ0सं0 05/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है।**
2. दिनांक 21.06.2025 को थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से मोटर, जनरेटर पार्ट एवं अन्य सामान चोरी होने के सम्बन्ध में थाना सैफई पर **मु0अ0सं0 126/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है।**
3. दिनांक 06.12.2025 को थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय दामोदरपुर से बच्चों के खाने का मिड-डे-मिल का राशन, रसोई से अनाज, बैटरी, पंखे चोरी होने के सम्बन्ध में थाना इकदिल पर **मु0अ0सं0 367/2025 धारा 305(ई) बीएनएस पंजीकृत है।**
4. दिनांक 26.02.2026 को थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत कम्पोजित विद्यालय परासनी से एलईडी टीबी एवं यूपीएस चोरी होने के सम्बन्ध में थाना **सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 20/2026 धारा 305(ई) बीएनएस** पंजीकृत है।

5. दिनांक 05.02.2026 को थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत भदावरी प्रक्षेत्र के गोदाम से ए.सी., इन्वर्टर चोरी होने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर **मु0अ0सं0 45/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस** पंजीकृत है।
6. दिनांक 06.02.2026 को थाना बढ़पुरा क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवारा विकासखण्ड बढ़पुरा से सिलेण्डर, म्यूजिक सिस्टर, टैवलेट, सीलिंग फैन आदि सामान चोरी होने के सम्बन्ध में **थाना बढ़पुरा पर मु0अ0सं0 09/2026 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत है।
7. दिनांक 13.02.2026 को थाना बिठौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम विहार के पंचायत घर गौरनपुरा से कम्प्यूटर, मॉनीटर, प्रिन्टर, बैटरा, इन्वर्टर आदि सामान चोरी होने के सम्बन्ध में **थाना बिठौली पर मु0अ0सं0 02/2026 धारा 305(ई) बीएनएस पंजीकृत** है।
8. दिनांक 07.04.2026 को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय नलकूप संख्या 260 टी0पी0 स्विच व कैबिल चोरी होने के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर **मु0अ0सं0 91/2026 धारा 305(ई) बीएनएस** पंजीकृत है।

**नाम अभियुक्तगण-**

1. मोनू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी तुरैया थाना भरथना जनपद इटावा उम्र 23 वर्ष।
2. प्रदीप कुमार उर्फ सन्दीप पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी तुरैया थाना भरथना जनपद इटावा उम्र 30 वर्ष।
3. मनीष पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी तुरैया थाना भरथना जनपद इटावा उम्र 19 वर्ष।
4. देव कुमार पुत्र ईश्वर दयाल निवासी बेरीखेड़ा थाना बकेवर जनपद इटावा हाल निवासी टी.बी. अस्पताल के पीछे काशीराम कालोनी थाना सिविल लाइन इटावा उम्र 19 वर्ष

**पंजीकृत अभियोगः-**

1. मु0अ0सं0 46/2026 धारा 307/313/317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस व 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाइन जनपद इटावा

**बड़ी बरामदगीः-**

1. 01 तमन्चा 12 बोर
2. 01 तलवार मय म्यान
3. 01 अवैध छुरा
4. 01 एलईडी स्मार्ट TV
5. 01 एसी (वोल्टास),
6. 01 मॉनीटर
7. 01 प्रिन्टर
8. 01 इन्वर्टर
9. 02 बैटरियाँ
10. 01 टैबलेट
11. 06 सीलिंग फैन
12. 01 स्टार्टर
13. केबल हीटर (वी.गार्ड)
14. 06 गैस सिलेण्डर
15. 03 सीसीटीवी कैमरे
16. 01 जीनस कंपनी का इन्वर्टर
17. सफेद रंग का केबल
18. 01 आटा रखने की एल्यूमीनियम टंकी
19. 02 सफेद रंग के हॉर्न

20. 06 एल्युमीनियम के भगौने
21. 03 लोहे की कड़ाही,
22. 01 वी-गार्ड कंपनी का हीटर
23. 25 स्टील की थालियाँ,
24. 40 स्टील के गिलास
25. 43 स्टील के चम्मच,
26. 12 कलछुल
27. 07 स्टील की कटोरी
28. 01 तसला व डोंगा
29. 01 जग
30. 01 नलकूप का स्टार्टर
31. 01 काली केबल
32. 01 ड्रील मशीन
33. 01 कटर मशीन
34. 03 छोटी/बड़ी रिन्च
35. 01 टामी
36. 02 रेती
37. 01 कटर
38. 03 प्लास
39. 02 नोज प्लास
40. 01 छोटा वायर कटर
41. 05 छोटे/बड़े पेचकस
42. 9500/- रूपये नकद **(चोरी के सामान बेचकर अर्जित किये गये )**
43. 01 मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर नं0 **(UP75 AX 2296)**

**पुलिस टीमः** **प्रथम टीमः** प्रभारी एसओजी/सर्विलान्स टीम।

**द्वितीय टीमः-** निरी0 श्री कण्व कुमार मिश्रा प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 मंगल सिंह, उ0नि0 संजय यादव, उ0नि0 निर्मल कुमार, हे0का0 पुष्कर शुक्ला, का0 पंकज, का0 कमरुद्दीन, का0 शिव कुमार, का0 ओमवीर व चालक का0 अनिकेत।

**नोटः-** **उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 25,000/- रूपये से पुरस्कृत किया गया।**